कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–2/स्थानांतरण/इतिहास/ 2019–20/ दिनांक– 29.9.19 के तहत् चन्द्र प्रकाश गुप्ता व्याख्याता इतिहास का स्थानांतरण राउमावि, बालोतराबाड़मेर से राउमावि, तरला बाड़मेर किया गया । चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने अपने स्थानांतरण के विरूद्व माननीय ***राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर*** में याचिका संख्या 16915/2019 चन्द्र प्रकाश गुप्ता बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की।

माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 09.12.19 द्वारा याचिकाथी को अभ्यावेदन प्रत्यर्थी विभाग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने तथा विभाग को अपीलार्थी के अभ्यावेदन प्राप्त होने पर आगामी 30 दिवस में राज्य सरकार व विभागीय दिशा निर्देशों एवं नियमों के अंतर्गत निस्तारण कर निस्तारण की सम्यक सूचना याचिकार्थी को प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है।

माननीय ***न्यायालय*** के निर्णय के क्रम में याचिकार्थी चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर राउमावि बालोतरा बाड़मेर अथवा राउमावि गॉधीपुरा बालोतरा बाड़मेर मे ***पदस्थापन किए जाने हेतु निवेदन किया है।***

माननीय ***न्यायालय*** के निर्णय के क्रम में चन्द्र प्रकाश गुप्ता द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर गहनता से परीक्षण व मनन कर इनका समायोजन राउमावि गॉधीपुरा बालोतरा बाड़मेर व्याख्याता इतिहास के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हों।

24/12

(हिमांशु गुप्ता)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर
दिनांकः–24/12/19

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–2/अभ्यावेदन/चन्द्र प्रकाश गुप्ता/को.के/18–19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, बाडमेर।
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य।
9. कार्मिक चन्द्र प्रकाश गुप्ता, व्या0 इतिहास।
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर